भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

icmr
INDIAN COUNCIL OF MEDICAL RESEARCH
Serving the nation since 1911

Indian Council of Medical Research
Department of Health Research, Ministry of Health and Family Welfare, Government of India

फा. सं. 16/09/2026-प्रशा./ई-फाइल-280234 **दिनांक: 18.06.2026**

कार्यालय ज्ञापन

विषय:- 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस – 2026 – के आयोजन – के संबंध में।

परिषद मुख्यालय में **दिनांक 21 जून, 2026 (रविवार)** को **12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (IDY-2026)** आयोजित किया जाएगा।

इस वर्ष का विषय, "स्वस्थ आयु के लिए योग", शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने तथा योग को जीवनशैली के रूप में अपनाने की प्रेरणा देने का लक्ष्य है। इसका उद्देश्य जन-जीवन को सदैव स्वतंत्र, सक्रिय एवं ऊर्जावान बनाए रखना है, साथ ही, यह केवल दीर्घायु होने पर ही नहीं, बल्कि योग के नियमित अभ्यास के माध्यम से जीवन की गुणवत्ता में सुधार एवं उसे समृद्ध बनाने पर भी विशेष बल देता है।

इस अवसर पर, परिषद मुख्यालय के सामने वाले लॉन में प्रात: 6:30 बजे से 'सामान्य योग प्रोटोकॉल' (सीवाईपी) पर आधारित एक योग सत्र आयोजन किया गाया, जिसमें योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास शामिल है।

योग सत्र का संचालन **सुश्री सविता जायसवाल**, **योग परामर्शक एवं काउंसलर** द्वारा किया जाएगा, जो प्रतिभागियों को निर्धारित योगाभ्यास का मार्गदर्शन प्रदान करेंगी। योग सत्र के उपरांत सभी प्रतिभागियों को स्वास्थ्यवर्धक अल्पाहार उपलब्ध कराया जाएगा।

सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे पूरे उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में भाग लें और इस आयोजन को सफल और सार्थक बनाने में अपना सहयोग दें।

यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

-हस्ता-
(जयबीर सिंह)
सहायक महानिदेशक (प्रशा.)

सेवा में,

सभी अधिकारी (स्थाई/परियोजना/संविदा)
परिषद मुख्यालय/डीएचआर

प्रतिलिपि:-

1. महानिदेशक/अपर महानिदेशक/वरिष्ठ उपमहानिदेशक(प्रशा.)/वरि. वित्त सलाहकार के निजी सचिव
2. सभी प्रभाग-प्रमुख।
3. उपमहानिदेशक(प्रशासन)/ सहा. महानिदेशक(दोनों)/प्रशा. अधि.(प्रशा.), परिषद मुख्यालय।
4. पी एवं सी प्रभाग- फोटोग्राफर की तैनाती एवं अपेक्षित कार्रवाई हेतु।
5. इंजी. अनुभाग- माइक/स्टैंडिंग फ़ैन और ऑडियो-विज़ुअल सिस्टम की व्यवस्था के लिए।
6. डॉ. एम. एस. चाल्गा, वैज्ञा.-'ई', परिषद मुख्यालय -वेबसाइट पर अपलोड हेतु।